1. मॉड्यूल और इसकी संरचना

मॉड्यूल विस्तार	
विषय का नाम	लेखा शास्त्र
पाठ्यक्रम नाम	लेखांकन 01 (कक्षा XI, सेमेस्टर - 1)
मॉड्यूल का नाम / शीर्षक	परिचय लेखा - भाग 4
मॉड्यूल आईडी	keac_10104
पूर्व-अपेक्षित	लेखांकन की प्रक्रिया का मूल ज्ञान
उद्देश्य	इस पाठ के माध्यम से अध्ययन के बाद, शिक्षार्थी निम्नलिखित को समझने में सक्षम होंगे • देनदार • लेनदार • लागत • लब्धि • नुकसान • लाभ • छूट • निकासी (आहरण)
मुख्य शब्द	देनदार, लेनदार, माल, लागत, लाभ, स्टॉक, खरीद, बिक्री, हानि, लाभ, वाउचर, छूट, लेन-देन, निकासी (आहरण)

2. विकास दल

भूमिका	नाम	सम्बद्धता
राष्ट्रीय MOOC समन्वयक (NMC)	प्रो. अमरेंद्र पी बेहरा	सीआईईटी, एनसीईआरटी, नई दिल्ली
कार्यक्रम के समन्वयक	डॉ. मो. ममूर अली	सीआईईटी, एनसीईआरटी, नई दिल्ली
पाठ्यक्रम समन्वयक (सीसी) / पीआई	प्रो. शिप्रा वैद्य	डीईएसएस, एनसीईआरटी, नई दिल्ली
विषय वस्तु विशेषज्ञ	श्रीमती मधु वासवानी	दिल्ली पब्लिक स्कूल, मथुरा रोड, नई दिल्ली
समीक्षा दल	सुश्री ज्योत्सना डावर	राजकीय प्रतिभा विकास विद्यालय, त्यागराज नगर, नई दिल्ली
अनुवादक	डॉ. अनिता अरोड़ा	ज्योति बी. एड कॉलेज, रामपुरा, फाजिल्का (पंजाब)

विषय - सूची:

1. देनदार
2. लेनदार
3. लागत
4. लब्धि
5. नुकसान
6. लाभ
7. छूट
8. निकासी (आहरण)

1. देनदार

देनदार व्यक्ति और / या अन्य संस्थाएं हैं जिन पर एक व्यवसाय से माल खरीदने और / या सेवाओं का उपभोग करने का भुगतान बकाया हैं। डिबेटर्स वे व्यक्ति या संगठन भी हैं, जिन्होंने किसी भी व्यावसायिक फर्म से एक निश्चित राशि उधार ली है। दूसरे शब्दों में, देनदार के लिए धनराशि या ऋण का भुगतान करना कानूनी दायित्व है। समापन तिथि पर ऐसे व्यक्तियों और / या संस्थाओं के पास बकाया कुल राशि को बैलेंस शीट में परिसंपत्ति पक्ष पर विविध ऋणी के रूप में दर्शाया जाता है।

2. लेनदार

लेनदार या ऋणदाता वे व्यक्ति / संस्थाएँ हैं, जिनसे व्यापारिक फर्म माल और / या सेवाओं को खरीदने के लिए विशिष्ट राशि उधर पर लेती है। दूसरे शब्दों में, एक लेनदार को एक व्यक्ति या एक संस्था से अनुबंध पर दायित्व की पूर्ति के बदले धन प्राप्त करने का अधिकार है।लेनदार ' शब्द का उपयोग दोनों लघु और दीर्घकालिक ऋण / उधार, बॉन्ड, गिरवी के संदर्भ में किया जाता है। समापन तिथि पर लेनदारों के पक्ष में खड़ी कुल राशि को बैलेंस शीट की देनदारियों या दायित्वों के भाग में दर्शाया जाता है।

3. लागत

लगत का अर्थ निम्न के मौद्रिक मूल्यांकन

i) प्रयास
ii) सामग्री
iii) संसाधन

iv) समय और उपयोगिताओं का उपभोग

v) जोखिम और

vi) एक अच्छी या सेवा के उत्पादन और वितरण में अवसर छूट जाना

को कहा जा सकता है।

सभी खर्च किसी भी व्यवसाय के लिए लागत होते हैं, लेकिन सभी लागतें (जैसे कि आय पैदा करने वाली संपत्ति के अधिग्रहण में खर्च) खर्च नहीं होती हैं।

दूसरे शब्दों में, लागत:

1. किसी वस्तु को खरीदने या भुगतान के लिए आवश्यक धन मात्रा यानी किसी वस्तु की कीमत।
2. वह राशि जो किसी चीज़ के लिए भुगतान करने के लिए नियमित रूप से खर्च की जानी चाहिए (जैसे कि व्यवसाय चलाना या परिवार का पालन पोषण)
3. धनराशि की वह मात्रा जो किसी वस्तु को उपलब्ध करने या प्राप्त करने के लिए या किसी वस्तु को पाने हेतु जितना नुक्सान हुआ है

4. लब्धि

वह आय जो व्यावसायिक क्रिया कलापो में घटित लेनदेन से उत्पन्न होती है उसे लब्धि कहा जाता है। उदाहरण अचल संपत्तियों की बिक्री, कोर्ट केस की जीत, परिसंपत्तियों के अभिमुल्यन आदि हैं।

लब्धि तब उत्पन्न होती है जब परिसंपत्ति को या तो उसकी अधिग्रहण लागत और विक्रय मूल्य के बीच सकारात्मक अंतर पर बेची जाती है या बही खातों इसकी मूल कीमत में मौजूद नहीं होती है उदाहरण के लिए, शेयरों / निवेशों के मूल्य में वृद्धि

5. हानि

एक अवधि के दौरान संबंधित राजस्व पर खर्चों की अधिकता को नुकसान के रूप में जाना जाता है। इससे मालिक की इक्विटी घट जाती है। यह किसी भी लाभ को प्राप्त किए बिना पैसे के अवमुल्यन या पैसे के खो जाने (या लागत पड़ने) को संदर्भित करता है, उदाहरण के लिए, चोरी या आग दुर्घटना से खोए हुए नकदी या सामान आदि। इसमें अचल संपत्तियों की बिक्री पर नुकसान भी शामिल है।

विशिष्ट रूप से , नुकसान को इस प्रकार परिभाषित किया गया है:

i) ऐसी लागत जिसके परिणामस्वरूप कोई लाभ नहीं है,i

i) उत्पाद या परिसंपत्ति के मूल्य में कमी,

ii) किसी भी व्यवसाय की आय पर व्यय की अधिकता,

iii) किसी व्यवसाय के लेन-देन से शुद्ध आगत से अधिक लागत

6. लाभ

एक लेखांकन वर्ष अवधि के दौरान अपने संबंधित खर्चों से राजस्व की अधिकता को लाभ कहा जाता है। लाभ मालिकों के निवेश को बढ़ाता है।लाभ एक वित्तीय लब्धि है, जो माल और सेवाओं को खरीदने, संचालन, उत्पादन और बिक्री में अर्जित राशि और खर्च की गई राशि के बीच का धनात्मक अंतर है।

लाभ = कुल राजस्व - कुल व्यय

मुनाफे के तीन प्रमुख प्रकार हैं:

i) सकल लाभ:

सकल लाभ बिक्री में से बेची गई वस्तुओं की लागत को घटाना है।

उदाहरण के लिए, अगर कंपनी X की बिक्री Rs.100, 000 की है और बेची गई वस्तुओं की लागत Rs.60, 000 की है, तो सकल लाभ की गणना इस प्रकार की जाएगी:

सकल लाभ = Rs.100, 000 - Rs.60, 000 = Rs.40, 000।

ii) परिचालन लाभ:

परिचालन लाभ की गणना सकल लाभ से परिचालन व्यय को घटा कर की जाती है। सकल लाभ केवल प्रत्यक्ष खर्चों पर विचार करने के बाद लाभप्रदता को दिखाता है, और परिचालन लाभ व्यवसाय की लाभप्रदता को परिचालन खर्चों पर विचार करने के बाद दर्शाता है।परिचालन व्यय के उदाहरण वेतन, सामान्य और प्रशासनिक लागत आदि हैं।

यदि कंपनी A के वेतन के रूप में परिचालन व्यय आदि रु .20, 000 हैं तो ,

परिचालन लाभ = सकल लाभ - परिचालन व्यय

परिचालन लाभ = रु .40, 000 - रु .20, 000= Rs.20, 000।

iii) शुद्ध लाभ:

शुद्ध लाभ कंपनी के साथ सभी गैर-परिचालन खर्चों के बाद बची हुई आय है, जिसमें करों और ब्याज का किया गया भुगतान शामिल हैं, ।

यदि ब्याज रु। ६,००० है और कर ४००० रुपये हैं, तो शुद्ध लाभ की गणना निम्नानुसार की जाती है:

शुद्ध लाभ = परिचालन लाभ - गैर परिचालन व्यय

= रु 20,000 - रु 6,000 - रु 4,000 = 10,000

7. छूट

बेची गई वस्तुओं की कीमत में कटौती" छूट" है। इसे दो तरह से प्रदान किया जाता है। पहले प्रकार की" छूट' सामानों की बिक्री के समय "सूची मूल्य" में सहमत प्रतिशत की कटौती है इसे ट्रेड डीकॉउन्ट कहा जाता है । यह आम तौर पर थोक विक्रेताओं को और थोक विक्रेताओं द्वारा खुदरा विक्रेताओं को दिया जाता है। दूसरा, क्रेडिट के आधार पर सामान बेचने के बाद, देनदारों को राशि में कुछ कटौती दी जा सकती है, क्योंकि इससे उन्हें निर्धारित समय की अवधि तक राशि का भुगतान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। यह कटौती देय राशि पर भुगतान के समय दी जाती है और इसे 'नकद छूट' कहा जाता है।

8. आहरण या निकासी

व्यक्तिगत उपयोग के लिए किसी व्यवसाय के मालिक द्वारा पैसे या सामान की निकासी को आहरण कहा जाता है। मालिक द्वारा निकासी को बैलेंस शीट में संपत्ति में कमी और मालिक की इक्विटी (हिस्सेदारी)में कमी के रूप में दर्ज किया जाता है। आहरण खाता एक पूंजी खाता है। चूंकि मालिक द्वारा की गयी निकासी पूंजी मूल्य को कम करती है, इसलिए डेबिट बैलेंस को आहरण के रूप में दिखाया जाता है।